MR. CHAIRMAN: Please take your seat. Hon. Members, suggestions have been made from every side. The hon. Member, Shri Rahim, made very important suggestions. All these suggestions are indicative so that such kind of situations do

not arise. So, if the hon. Member is saying something, he is entitled to say so. Please go ahead.

SHRI JAIRAM RAMESH: He is making a political statement, Sir.

MR. CHAIRMAN: Sir, again you are sitting and talking. Sorry, I take serious note of it. Please, hon. Member, go ahead.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर: सभापति जी, सांसद होने के नाते, जो वायनाड के सांसद रहे, हालांकि उन्होंने ...(**व्यवधान**)... जब वायनाड की जनता को ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAIRAM RAMESH: *

SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM: *

MR. CHAIRMAN: Will you take your seat? Nothing will go on record. Hon. Member, continue.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर: बेहतर होता कि उन 5 वर्षों में सांसद रहते हुए, जो वायनाड की कमियां थीं - लेकिन पूरे देश में तो उन्होंने घूम-घूमकर अन्य बातें कहीं - लेकिन वायनाड की जनता की जो समस्याएं थीं, उनको सदन में उठाने का काम वे करते, प्रधान मंत्री जी से मिलते, तो इन 143 जानों को बचाया जा सकता था। ...(**व्यवधान**)... दुर्भाग्य देखिए, वायनाड की जनता ने बहुत विश्वास के साथ एक सांसद को चुनकर भेजा कि वह हमारे सुख और दुख में, जब कोई घटना होगी, वह हमारे साथ खड़ा होगा। वहाँ से इस्तीफा देकर भागने का तो काम किया, लेकिन आज इस दुखद समय में, घटना के तीन दिन होने के बाद भी उन्होंने वायनाड की जनता के बीच जाने का काम नहीं किया। महोदय, वे आज तक भी वहाँ नहीं गए हैं। आज वे दूसरे विषयों में तो इंटेरेस्ट ले रहे हैं, लेकिन वायनाड की जनता के पास जाकर उनका दुख बाँटने का काम नहीं कर पा रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: Please conclude. ...(*Interruptions*)...

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर : महोदय, मैं आपके माध्यम से इतना कहना चाहता हूं कि यह जाँच भी होनी चाहिए कि इस घटना का कारण क्या था।

---

* Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Ramji. ...*(Interruptions)*... Please take your seat. ...*(Interruptions)*... Nothing is going on record. ...(*Interruptions*).. I will reflect on this. Tiruchi *ji*, I will reflect on this. ...(*Interruptions*)... The Member has started speaking. ...*(Interruptions)*... I take note of your voice. Don't bother. ...*(Interruptions)*... Yes, Shri Ramji.

श्री रामजी (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति जी, आपने मुझे यहाँ पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। महोदय, मैं और मेरी पार्टी वायनाड में जो लैंड स्लाइडिंग हुई है और जिन लोगों की मौतें हुई हैं, उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है। इसके साथ ही हम कुदरत से यह प्रार्थना भी करते हैं कि जो लोग घायल हुए हैं, वे जल्दी से जल्दी ठीक हो जाएं। मान्यवर, साइंस ने देश के अंदर हमें लैंड स्लाइडिंग का एक पर्टिकुलर एरिया दे रखा है। इनमें केरल, गोवा, महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर पूर्वी एरिया है, जो हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से लगा हुआ है और आंध्र प्रदेश का जो अरकू एरिया है, वह भी इस एरिया में पहले से ही डिफाइन किया हुआ है कि यह लैंड स्लाइड संवेदनशील एरिया है। हमें उसके रीज़न पर बात करनी चाहिए कि हम इस गंभीर मुद्दे पर आगे की तरफ कैसे बढ़ें, हम इसको कैसे रोकें - क्योंकि यह हर साल हो रहा है। लास्ट ईयर 22 जुलाई, 2023 में महाराष्ट्र के इशालवाड़ी में हुआ, पूरा गाँव लैंड स्लाइड में दब गया और 30 से 40 लोगों की मौत हो गई। इससे पहले 1998 में उत्तराखंड के मालपा में हुआ, 380 लोगों की जान चली गई। आखिर ये घटनाएं कैसे रोकी जाएं - इसको लेकर हमें गंभीर होना चाहिए।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार को कुछ सजेशन्स देना चाहता हूं कि इसमें दो चीज़ें हैं। इसमें एक तो नेचुरल रीजन है और दूसरा मानवजनित रीजन है। महोदय, हम नेचुरल रीजन्स को नहीं रोक सकते हैं। हम ज्वालामुखी नहीं रोक सकते हैं, भारी बारिश नहीं रोक सकते हैं, हम इन चीजों को नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जो चीजें मानवजनित हैं, उनको रोक सकते हैं। महोदय, हम हाई लेवल पर माइन्स का जो काम कर रहे हैं, उत्खनन का काम कर रहे हैं, उसको रोकने की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन में जो काम हो रहा है, उसको रोकना चाहिए। आपने देखा है कि कितनी भयंकर गरमी हुई और अभी जो वायनाड में घटना हुई, उसके बारे में साइंस कह रहा है कि वहाँ पर अरब सागर के अचानक गरम हो जाने की वजह से ज्यादा भारी बारिश पड़ी। महोदय, यह जलवायु परिवर्तन है और इस घटना में क्लाइमेट चेंज ही एक बड़ा रीजन दिखाई पड़ रहा है। हमें भविष्य को लेकर इसके प्रति सावधान रहना चाहिए। ..(**व्यवधान**)..मान्यवर, मैं बस खत्म कर रहा हूं। महोदय, डेवलपमेंट के नाम पर जो पेड़ काटे जा रहे हैं, बड़े-बड़े जंगल काट रहे हैं, हाईवेज़ बना रहे हैं, इन्हें बचाने के लिए हमें यह प्रावधान डालना पड़ेगा कि डेवलपमेंट के नाम पर जितने जंगल काटे जाएंगे, पेड़ काटे जाएंगे, उतने ही पेड़ वहाँ पर लगाने की व्यवस्था भी की जाए, ताकि हम इस तरह की नैचुरल डिजास्टर से आगे लड़ सकें। महोदय, मैं आपसे यही कहना चाहता हूं। ..(**समय की घंटी**)..

मान्यवर, सिर्फ 20 सेकंड्स दे दीजिए। इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि सिर्फ 2 लाख रुपये देने से काम नहीं बनेगा, क्योंकि इसमें बहुत बड़ा नुकसान हुआ है, पूरे-पूरे घर तबाह हो गए हैं, पूरा का पूरा परिवार खत्म हो गया है। वहाँ पर इतने घायल लोग हैं

कि 2 लाख रुपये में तो दवा भी नहीं आएगी। मैं आपसे रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि इस राशि को बढ़ाया जाए ..(**व्यवधान**)... कम से कम 25 से 50 लाख तक की राशि की जाए। महोदय, आपने यहाँ मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री लहर सिंह सिरोया (कर्णाटक) **:** सभापति जी, आपने मुझे इस बहुत संवेदनशील मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। कल से हम बहुत दुखी हैं। चूँकि केरल हमारा पड़ोसी राज्य है, तो मैं कर्नाटक की जनता की तरफ से भी उन परिवारों के प्रति, जिन्होंने अपने परिवार के लोगों को खोया है, संवेदना प्रकट करता हूँ। इसके साथ ही, मैं आदरणीय प्रधान मंत्री जी, आदरणीय गृह मंत्री जी और रक्षा मंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूँ कि जैसे ही कल हमें समाचार पत्रों से मालूम पड़ा, तब तक वहाँ पर राहत की व्यवस्था पहुंच चुकी थी और राहत कार्य प्रारंभ हो चुके थे। मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूँ।

सभापति जी, मैं मानता हूँ कि यह प्राकृतिक आपदा है, लेकिन साथ-ही-साथ यह मानवकृत भी है। जैसा कि अभी हमारे माननीय सदस्य ने कहा कि Gadgil की रिपोर्ट की अवेहलना की गई, उसे लागू नहीं किया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया था कि यह बहुत सेंसिटिव जोन है। उस सेंसिटिव जोन में सिर्फ चाय बगान ही थे। वहाँ पर रिज़ॉर्ट बने, कई फॉल्स लेक बनीं और इस तरह से वहाँ पर पहाड़ों की कटाई हुई। मैं समझता हूँ कि पहाड़ों की कटाई करना, नदियों के रास्तों का अवरोध करना, यह बहुत बड़ा कारण रहा है। मैं इसमें किसी सरकार को दोष नहीं देना चाहूँगा, लेकिन वहाँ जो सरकारें रहीं, उन्होंने लगातार इस बात की अवेहलना की है और वहाँ सुनियोजित काम नहीं हुए हैं। वहाँ जो विकास कार्य हुए, वे इस तरह से हुए कि वहाँ पर्यावरण का बड़ा नुकसान हुआ। ...(**समय की घंटी**)... सभापति जी, मैं भी राजनीति में नहीं पढ़ना चाहता हूँ, मगर राहुल गाँधी जी ने जो पद यात्रा की थी, उस पद यात्रा में उन्होंने उन अतिक्रमणों को देखा होता, वहाँ उन पहाड़ों के साथ-साथ क्या-क्या अनर्थ हो रहा है, अगर यह भी देखा होता, तो आज यह स्थिति नहीं आती। जब हम ऐसी स्थिति में सैकड़ों भाई खो देते हैं, हम उसके बाद जागते हैं, चाहे वह जहरीली शराब के कारण हो, तो मेरा एक और निवेदन है कि कभी न कभी राज्य सभा को यह सोचना चाहिए कि समय रहते हुए, हमें इस पर कदम उठाने चाहिए और केंद्र सरकार जो योजना लागू करती है, उनका पालन करना चाहिए।

SHRI HARIS BEERAN (Kerala): Sir, I pay homage to all the victims who have lost their lives in this horrendous tragedy in Wayanad. My party leader, Shri Abdul Wahab, is already there in Wayanad and trying to coordinate efforts for rescue and rehabilitation. This is the monsoon season in Kerala. It has been raining in Kerala for quite some time. Now, when it rains over there, the soil gets weak. That is a natural phenomenon. But if there is a cloudburst kind of a situation -- like, 200 mm of rain happened on two consecutive days, which is, 400 mm of rain happened over there — then, the soil gets completely weak and this leads to the collapse of the mountain itself. The whole of the mountain has collapsed. Therefore, there has to be a system that pre-warns you about this particular kind of a disaster and catastrophe. I would

suggest that this particular kind of pre-warning system should be installed in the entire West Ghats, which is an ecologically fragile area. We need specialised system for these vulnerable areas. A whole task force which includes meteorological, oceanographic, geological and hydrological teams should be constituted and then this should be given to a specialised institute like Indian Institute of Technology. You should have a system comprising of all these four departments. Only then you can pre-warn this kind of cloudburst or you can pre-warn this kind of massive landslide which can happen. Landslide happened at 2 in the morning but it was not very grave but the gravest happened at 4 o'clock which shook all the villagers. Three villages are still under the debris. We do not know the number of people who are there under the debris. So, the magnitude of this is unimaginable. Secondly, this has to be treated as a national calamity, as my friends suggested over here. Thirdly, there has to be a special financial package for Kerala for this Wayanad disaster. Lastly, Kerala was excluded in the Union Budget from the Disaster Management Fund. Through this platform, I appeal to the Government to reconsider the decision. Thank you.

SHRI G.K. VASAN (Tamil Nadu): Sir, a very unfortunate incident happened in Kerala. With great sorrow, all of us join with the bereaved families for their rehabilitation in future. We all know that the Prime Minister's Office has immediately sent the Minister there as a representative and the people, who lost utensils, cattle, etc. have been given immediate relief; an amount of Rs.2 lakh for the kin of the deceased and Rs.50,000 to the injured which has given a little hope. At the same time, the Home Minister and his Ministry is proactive there 24X7 with NDRF, and all other help is still going on in Wayanad region of Kerala. No doubt, it is a natural disaster; at the same time, we have to ponder over certain safeguards for this. First, proper safety measures should be taken on mountain and hilly areas.

Be it any Government, CPM is there; it may be Congress, it may be BJP or any other Government. I would only insist here that the local representatives, who have been elected by the people from the panchayat level, from the legislative level, from the Parliament level, should be more responsible to see that encroachments are not there in the hilly areas. The Government should take more concern of this so that we can save more lives in these kinds of disasters.

To conclude, I would like to say that the Central Government has given immediate assistance, help and hope to the disturbed people there. At the same time, the Central Government would be with the rehabilitation measures, with the people of Wayanad, Kerala. Thank you, Sir.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Hon. Chairman, Sir, yesterday, you were kind enough to bring this to the notice of the House. You yourself voluntarily told as to what happened and what steps the Government has taken. On behalf of A.I.A.D.M.K. Party, I pay my condolences to the affected people of Wayanad. Landslides have affected most of the Wayanad District in Kerala State. Many hon. Members had requested and, yesterday also, MoS in the Ministry of Home Affairs came and gave the statement from the side of the Home Ministry about what actions the Government is taking. As you also told, the Central Government and the State Government, both are taking action. At the same time, we request to provide rehabilitation programme for the people of Wayanad immediately. Also, it has to be declared -- as other Members are also asking -- as a national disaster. A special package must also be given to the affected people in Wayanad. All Kerala MPs, like Dr. Brittas, have raised this issue. Therefore, I also join them on behalf of my Party. The Home Minister is here. All requests have been made by the Kerala MPs and we also request to see to it that a special package is given, and it is declared as a national calamity, which we are expecting. Thank you very much, Sir.

SHRI PRAFUL PATEL (Maharashtra): Mr. Chairman, Sir, with a heavy heart, all of us have mourned and condoled the loss of lives in this horrible tragedy in Waynad. I associate with all my colleagues and I also wish that the Government of India and the Government of Kerala, both work hand-in-hand to help the bereaved families to resettle and start a life afresh again. It is also worth noting that the hon. Prime Minister, the hon. Home Minister and also the Chief Minister of Kerala, all have been seized of this very tragic moment and have done everything possible to bring relief and succour to the people in this hour of grief. It is also important to note that the Armed Forces -- the Army, Navy, Air Force and including all other paramilitary forces -- have also joined in the rescue and relief efforts in this very difficult terrain and the conditions prevailing as of now. It is also important that many social organizations, political parties also, so also my political Party in Kerala, all are associated in whichever way they can to help the people in this hour of need. I also feel that it is a very big tragedy. Therefore, even if it is a demand that it should be a national disaster, it should be helped in that fashion. I would also like to associate that this tragedy may be considered a national tragedy. Finally, as we all now, this is not the first, but we do not want that it should ever happen again in any part of the country. Natural disasters are prone to happen, especially, in eco-sensitive zones like the entire Western Ghats also. Right from Kerala up to Maharashtra, including the Konkan region, we have the Western Ghats. We have sometimes even some such

tragedies, hopefully ever not of the scale which has happened in Wayanad, in our Konkan region also in Maharashtra.

Therefore, I would urge upon the Government and the hon. Minister--because the technologies are much better than in the past--to try to get some kind of mapping of the entire ecologically sensitive zones, especially, where there is so much heavy rainfall,--Western Ghats receive the highest rainfall probably in the country--even in the hills like Uttarakhand, Himachal Pradesh and many other parts of the country where we have heavy rains. At one time, you will have to balance the needs of humanity, growing needs of aspirational nation and the developmental needs. Everybody talks about trying to protect nature. Yes, the nature has to be protected, but we will also have to balance the needs of development and growth. For that, I think, proper approach, a humane approach and a practical approach will have to be adopted.

MR. CHAIRMAN: Now the hon. Home Minister.

गृह मंत्री (श्री अमित शाह) : सभापति महोदय, भारत सरकार का जो स्टेटमेंट है, वह नित्यानन्द राय जी ही बताएँगे, मगर मैं कुछ चीजों की स्पष्टता करने के लिए आपकी अनुमति से इस सदन के सामने खड़ा हुआ हूँ। सबसे पहले इस घटना में जितने भी लोग हताहत हुए हैं, जो घायल हुए हैं, उन सभी के परिवारजनों के साथ मैं अपनी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूँ और बड़े दुख के साथ आज मैं उनके प्रति अपार संवेदना के साथ इस सदन में खड़ा हुआ हूँ। जैसा मैंने पहले कहा, सरकार की ओर से जवाब नित्यानन्द राय जी ही देने वाले हैं। जब यहाँ पर एक घंटे की चर्चा अपने अनुमोदित की, तब मुझे यह लगा था कि आज का दिन शायद राजनीति से परे रहेगा, इस पर राजनीतिक टीका-टिप्पणियाँ नहीं होंगी। ख़ैर, उद्देश्य से या जानकारी के अभाव से कुछ टिप्पणियाँ भी हुईं और सदन को पूरा देश देखता है, इसलिए देश के सामने कोई गलतफहमी न हो जाए, इसलिए मैं स्पष्टता करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। दोषारोपण हुआ या जानकारी के अभाव में, मुझे मालूम नहीं है, मगर माननीय महोदय, मुझे स्पष्टता करनी है, आप के माध्यम से इस सदन को और सदन के माध्यम से पूरे देश को कि यहाँ लोग 'early warning', 'early warning' बोलते ही गए, अंग्रेजी में जितने भी गंभीर प्रकार के शब्द हैं, अपने भाषण में डाल कर इसको बताया गया। मैं सदन के सामने स्पष्ट करना चाहता हूँ कि 23 जुलाई को केरल सरकार को भारत सरकार की ओर से early warning दे दी गई थी। 7 दिन थे, फिर 24 को गई, फिर 25 को गई। मान्यवर, 26 तारीख को यह कहा गया कि 20 सेंटीमीटर से ज्यादा वर्षा होगी, भारी वर्षा होगी, landslide होने की संभावना है, mud भी rush होकर आ सकता है और लोग इसके अंदर दब कर मर भी सकते हैं। मान्यवर, मैं कुछ कहना नहीं चाहता था, मगर भारत सरकार के early warning system पर सवाल किए गए, इसलिए मैं कहता हूँ कि "Please listen us", "Please listen us" मत चिल्लाइए, "Please read it." जो warning भेजा है, उसको पढ़िए ज़रा। इस देश में कई राज्य सरकारें ऐसी हैं, जिन्होंने इस प्रकार की warning का उपयोग करके zero casualty

disaster management किया है। मैं ओडिशा राज्य सरकार के लिए भी कहना चाहता हूँ, उस वक्त हमारी सरकार नहीं थी, नवीन बाबू की थी, हमने 7 दिन पहले cyclone का alert भेजा, सिर्फ एक व्यक्ति मारा गया, वह भी गलती से मारा गया। सर, गुजरात सरकार को हमने cyclone का alert 3 दिन पहले भेजा, एक पशु भी नहीं मरा। मगर मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूँ कि आप जो घिसे-पिटे शब्द यहाँ लेकर आए हैं और demand ही करते जा रहे हैं, early warning system है। भारत सरकार ने 2014 के बाद early warning system के लिए 2 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। मान्यवर, इसको साझा किया जाता है। 7 दिन पहले हर राज्य को सूचना भेजी जाती है और वह सूचना साइट पर सबके लिए उपलब्ध भी है, माननीय सांसदों के लिए भी उपलब्ध है।

2.00 P.M

मगर कुछ लोगों को है कि वे यहाँ की साइटें खोलते ही नहीं हैं, विदेश की ही खोलते हैं। अब विदेश की साइट पर इसका अर्ली वार्निंग सिस्टम आएगा नहीं, इसके लिए तो हमारी साइट देखनी पड़ेगी।...(**व्यवधान**)... चूँकि मैंने आपको ध्यान से सुना है, इसलिए आप भी सुनिए।...(**व्यवधान**)... इस तरह से नहीं चलेगा। यह सदन है।...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Dr. John Brittas, please. I will not allow. Facts, figures and details are being imparted. Hon. Minister, please continue.

श्री अमित शाह : मान्यवर, मैं तो उसी उद्देश्य से ही कहता हूँ कि इसको सुन कर सभी राज्य अलर्ट हों, अर्ली अलर्ट हो जाए। मेरा किसी पर ताना मारने का आशय नहीं है।

अर्ली वार्निंग सिस्टम वर्षा के लिए है, हीट वेव के लिए है, तूफान के लिए है, चक्रवात के लिए है, यहाँ तक कि बिजली के लिए भी अर्ली वार्निंग सिस्टम है, जो 10 मिनट पहले बिजली अक्षांश रेखांक के साथ कहाँ गिरेगी, वह सीधा कलेक्टर को इन्फॉर्म करती है। मगर ये इसका कोई जिक्र नहीं कर रहे हैं। मैं तो मानता हूँ कि जानकारी का अभाव होगा। अगर जानकारी का अभाव है, तो भी ठीक नहीं है और अगर राजनीति है, तो यह बहुत दुखद है।

मान्यवर, कई सारे राज्यों ने इसका उपयोग भी किया है और उसके परिणाम भी आए हैं। मैं आज सदन को बताना चाहता हूँ कि इस अर्ली वार्निंग सिस्टम के तहत 23 तारीख को ही मेरे ही अनुमोदन से 9 एनडीआरएफ की टीमें केरल के लिए रवाना हो गई थीं कि वहाँ लैंड स्लाइड हो सकता है। भारत सरकार ने 9 एनडीआरएफ की टीमें विमान से वहाँ भेजीं। मान्यवर, सारे लोग मुझसे इतना पूछते हैं, लेकिन क्या मैं यह पूछ सकता हूँ कि केरल सरकार ने क्या किया? अनधिकृत लोग रह रहे थे, नहीं रह रहे थे, मगर vulnerable situation तो थी। क्या उनको शिफ्ट किया गया है? उनको शिफ्ट क्यों नहीं किया गया? कौन रोकता था? अगर शिफ्ट किया गया, तो मरे कैसे?...(**व्यवधान**)...

डा. जॉन ब्रिटास : शिफ्ट किया है।...(**व्यवधान**)...

श्री अमित शाह : शिफ्ट पहले नहीं किया गया है, बाद में किया गया है।...(**व्यवधान**)...

डा. जॉन ब्रिटास : नहीं, नहीं।...(**व्यवधान**)...

श्री अमित शाह : जितना बोलिएगा, उतना नुकसान होगा।...(**व्यवधान**)... मैं बोलना नहीं चाहता, परंतु जब आप आरोपात्मक तरीके से बात करेंगे, तो मैं यहाँ पर शांति से बैठ कर सुनने नहीं आया हूँ।...(**व्यवधान**)...

डा. जॉन ब्रिटास : कोई आरोप नहीं है।...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Take your seat, Dr. John Brittas. Why are you interrupting? You have raised your points. Please.

श्री अमित शाह : मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि नरेन्द्र मोदी जी 2014 में प्रधान मंत्री बने और 2016 से अर्ली वार्निंग सिस्टम का प्रोजेक्ट चालू हुआ और 2023 तक दुनिया की सबसे आधुनिक अर्ली वार्निंग सिस्टम कहीं पर है, तो वह भारत में है। इसका सात दिन पहले अनुमान देने वाले चार ही देश हैं, उनमें से एक भारत भी है, मगर उसको पढ़ना पड़ता है। डिमांड करने से कुछ नहीं होता है।

मान्यवर, उन्होंने कहा कि डिजास्टर के पैसे को रिलीज़ करने का अधिकार राज्य के पास नहीं है। वह गलत है, मान्यवर। मैं इसकी भी स्पष्टता करना चाहता हूँ, क्योंकि सदन का रिकॉर्ड साफ रहना चाहिए। एसडीआरएफ में 10 परसेंट राशि कोई भी राज्य सरकार अपने हिसाब से अपनी गाइडलाइन से इश्यू कर सकती है और 100 परसेंट राशि भारत सरकार के द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के हिसाब से बिना भारत सरकार के परमिशन से खर्च कर सकती है। इसके लिए भारत सरकार की किसी भी परमिशन की जरूरत नहीं है, सिर्फ गाइडलाइन को फॉलो करना है। मगर डिजास्टर का जो पैसा है, वह किसी और हेड के अंदर तो खर्च नहीं हो सकता, हमें इतना तो चेक एंड बैलेंस रखना पड़ेगा। फिर भी आप 10 प्रतिशत खर्च डिजास्टर के नाम पर कुछ भी करें, उसके लिए कोई नहीं पूछता है। आपको गाइडलाइन के हिसाब से डिजास्टर के लिए 90 परसेंट खर्च करने के लिए भारत सरकार की कोई परमिशन लेने की जरूरत नहीं है।

मान्यवर, डिटेल्ड स्टेटमेंट नित्यानन्द जी पढ़ेंगे। मैं स्ट्रक्चर्ड स्टेटमेंट नहीं दे रहा हूँ, सिर्फ स्पष्टता ही कर रहा हूँ। पश्चिमी बंगाल के बारे में भी कहा गया। हमने 6,244 करोड़ रुपए 2014 से 2024 तक पश्चिमी बंगाल के लिए अप्रूव किया है और जिस प्रकार से खर्च का हिसाब आता है, उस हिसाब से राशि रिलीज़ की जाती है। उसमें से 4,619 करोड़ रुपए हमने reimburse कर दिया है। मगर वहाँ थोड़ी प्रॉब्लम है हिसाब भेजने में। अब वह तो मैं अच्छे से नहीं कर सकता, उसको तो पश्चिमी बंगाल सरकार को ही करना पड़ेगा। अकाउंट देना पड़ता है, क्योंकि यह सरकार है, कोई पोलिटिकल पार्टी नहीं है। सरकार के कुछ रूल्स, रेग्युलेशन्स होते हैं, accounting system होता है, एजी का ऑडिट होता है। हम किसी को नहीं मानेंगे, तो थोड़ी

तकलीफ आएगी। मगर धीरे-धीरे आदत पड़ रही है, इम्प्रूवमेंट आया है, इसलिए इनका 6,244 करोड़ रुपए में से 4,619 करोड़ रुपया रिलीज़ हो चुका है।

मान्यवर, मैं फिर से कहना चाहता हूँ कि early warning दी गई थी और इसीलिए 23 तारीख को हमने वहां पर एनडीआरएफ की 9 बटालियंस भेज दी थीं और 3 बटालियंस कल रवाना की हैं। अगर वे वहां एनडीआरएफ की बटालियंस उतरने से भी अलर्ट हो जाते, तो काफी कुछ बच जाता, मगर मैं किसी पर दोषारोपण नहीं करना चाहता हूँ। यह समय केरल की सरकार के साथ खड़े रहने का है, केरल की जनता के साथ खड़े रहने का है और जिन लोगों की हानि हुई है, उनके साथ खड़े रहने का है।

मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि irrespective of party politics, नरेन्द्र मोदी सरकार केरल की जनता और केरल की सरकार, दोनों के साथ चट्टान की तरह खड़ी रहेगी, इसमें किसी को संशय नहीं रखना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister of State in the Ministry of Home Affairs, Shri Nityanand Rai, may now reply.

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानन्द राय) : सभापति महोदय, जैसा कि मैंने कल सदन में अपने बयान में बताया था कि केरल राज्य के वायनाड जिले में कल सुबह के शुरुआती घंटों में भूस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय गृह मंत्री जी को जैसे ही इस घटना की जानकारी प्राप्त हुई, उन दोनों ने तत्परता के साथ उसी समय राज्य सरकारों से संपर्क किया और केंद्र सरकार जितनी सहायता कर सकती थी, वह उन सारी सहायताओं में जुट गई।

सर, मुझे दुःख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि जो नवीनतम जानकारी है, उसमें राहतकर्मियों के द्वारा अब तक 133 शवों को निकाल लिया गया है। सर, मृतकों की यह संख्या बढ़ सकती है। हमें राज्य सरकार से जो आंकड़े उपलब्ध कराए जाते हैं, उन्हीं के आधार पर हम लोग आंकड़े देते हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं। उनके आदेश से राज्य मंत्री, जॉर्ज कुरियन जी स्थिति का जायजा लेने के लिए कल रात ही प्रभावित क्षेत्र में पहुंच गए हैं। वहां की जो परिस्थिति थी, उसमें वहां पहुंचना दुर्लभ लग रहा था, फिर भी वे वहां पहुंचे और गृह मंत्री जी से संपर्क कर उनको लगातार वहां की स्थिति की जानकारी देते रहे। माननीय प्रधान मंत्री जी भी उनसे अपडेट लेते रहे। माननीय गृह मंत्री जी ने कल ही केरल के माननीय मुख्य मंत्री जी से भी बात की। आदरणीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा भी उन्हें यह आश्वासन दिया गया कि भारत सरकार से हर प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी और की जा भी रही है। इस घटना के तुरंत बाद एनडीआरएफ, वायु सेना, भारतीय सेना, नौसेना और तटरक्षक बल की टीमें वहां खोज और बचाव अभियान में जुट गईं और वहां लगातार तत्परता से काम कर रही हैं। वहां तीन बेली पुलों के निर्माण के लिए सेना के मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप के columns तैनात किए गए हैं। एनडीआरएफ की चार टीमें, सेना के चार columns, नौसेना की एक टीम, तटरक्षक बल की तीन यूनिट्स, राज्य सरकार की अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, पुलिस और स्थानीय Emergency

Response Team के लगभग 1,200 बचावकर्मी बचाव और राहत अभियान में 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।

वहां खोज और बचाव अभियान के लिए dog squad को भी तैनात किया गया है। वहां सेना की DSC centre, Kannur की दो टुकड़ियाँ भी तैनात की गई हैं। Trivandrum की 91 Infantry Brigade की दो टुकड़ियों को वहां रवाना कर दिया गया है। भारतीय सेना के दो हेलीकॉप्टर्स और नौसेना के एक हेलीकॉप्टर बचाव कार्य में विशेष रूप से लगे हैं। सेना की मेडिकल टीमें घायलों को चिकित्सा प्रदान कर रही हैं। वहां श्रमिक भूमि मार्ग से आवाजाही कर सकें, इसके लिए वहां मार्ग स्थापित करने एवं बचाव कार्य में सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के जहाज INS Zamorin को क्षतिग्रस्त पुल के दूसरी ओर तैनात कर दिया गया है।

आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त संसाधन भेजे जा रहे है। उच्चतम स्तर पर केंद्र सरकार द्वारा स्थिति की निगरानी की जा रही है। गृह मंत्रालय के दोनों नियंत्रण कक्ष, एक जो NDRF का आपदा प्रबंधन का और दूसरा गृह मंत्रालय का है, दोनों ही गृह मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं। वे 24X7 स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और राज्य को हर संभव मदद प्रदान की जा रही है। आज ही State Disaster Response Fund से 145 करोड़ रुपये की राशि वहां की राज्य सरकार को प्रदान कराई गई है। महोदय, वहां पहले ही SDRF के तहत 394 करोड़ रुपये की बैलेंस राशि - सारे विषयों पर माननीय गृह मंत्री जी ने स्पष्ट रूप से जानकारी दी है, लेकिन मैं एक बात कहना चाहूंगा कि पहले Super Cyclone आया था, उसमें करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई थी, आज हम मौत के मामले में ज़ीरो की संख्या पर पहुंच गए हैं। यह प्रधान मंत्री जी के प्रेरणा नेतृत्व में disaster management के लिए किया जा रहा काम, तकनीकि का अधिक उपयोग, आपदा प्रबंधन में दी जा रही राशि और माननीय गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के पहलुओं पर काम हो रहा है। पर्यावरण की बात हुई - गृह मंत्रालय ने और भारत सरकार के बहुत सारे लोंगों ने और भारत सरकार की प्रेरणा में बहुत सारी संस्थाओं ने पेड़ लगाने का काम किया है और माननीय गृह मंत्री जी के मार्गदर्शन में पैरामिलिट्री फोर्सेज़ ने भी रिकॉर्ड स्तर पर पेड़ लगाने का काम किया है। सर, तकनीक का उपयोग बिल्कुल किया जा रहा है। अब भारत का आपदा प्रबंधन ऐसा है, जिस पर देश के साथ-साथ विदेशों को भी भरोसा है। कई देशों में आपदा के समय, चाहे वह भूकंप हो या अन्य आपदा हो, उस समय भी भारत बढ़-चढ़ कर उनके सहयोग के लिए आगे गया है। यहां इसके कई उदाहरण हैं। मैं यही कहना चाहूंगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी तत्परता के साथ लगातार निगरानी रख रहे हैं। सर, कहने में अतिशयोक्ति नहीं होगी कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमारे गृह मंत्री जी दिन-रात लगातार राज्यों को सहयोग भी कर रहे हैं, बचाव और राहत कार्य की निगरानी भी कर रहे हैं। जैसे-जैसे आवश्यकता होती है, वैसे-वैसे केंद्र सरकार राज्य को सहायता पहुंचा रही है।

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up Special Mentions. Shri Sanjay Seth.